२० जुलाई २०१३ को गुरू को रोकु ज्यू तोकु जेन् न्यो जी के ८वें पुण्यतिथि समारोह में अवश्य सहभागी बनें।

# Today

July 2013

(Newsletter of EURASIA REIYUKAI)

## आज का आह्वान

१) आज को स्वयं जीएं।

२) आज के लिए स्वयं को क्रियान्वित करें।

३) आज स्वयं को समाज में योगदान करें।

## यूराशिया रेयूकाई मिहाता ग्रहण १०वां वर्ष भव्य मिलन स्मरणीय समारोह



मिलियन गीत का विमोचन

२२ जून २०१३ के दिन यूराशिया रेयूकाई मिहाता ग्रहण का दसवां वार्षिकोत्सव स्मरणीय भव्य मिलन समारोह यूराशिया रेयूकाई ११वीं शाखा एवं २५वीं शाखा के मुख्य हॉल, धोबीधारा में जुन होजाशु से ऊपर के १०१५ जन आमंत्रित (महिलाः ५८६ एवं पुरूषः ४२६ जन तथा बच्चे सहभागीः ६५ जन) लीडर्स की सहभागिता में यूराशिया रेयूकाई की मिहाता, केन्जीचुकी मिहाता सहित यूराशिया रेयूकाई की संपूर्ण मिहाता शाखाओं की मिहाता विराजमान कराकर संपन्न करने का महान मौका प्राप्त हुआ।

इसी प्रकार यूराशिया के कानूनी सलाहकार तथा पुनरावेदन अदालत के माननीय न्यायाधीश श्रीमान् नर बहादुर शाही सहित नए जुन शिबुचो एवं शिबुचो जन को मान्यता-पत्र वितरण एवं प्रशंसा-पत्र व उपहार यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष जी ने प्रदान किया। जिसमें यूराशिया रेयूकाई के १६ जन ओया शिबुचो को बुस्सोगोनेन गोहोन्जन व एक जन को ओशाकासामा, मिरोकुसामा गोहोन्जन हस्तांतरित किया गया। इसी प्रकार ७४ जन नए जुन-शिबुचो, ४३ जन नए शिबुचो को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने के साथ ही नए प्रमाणित ७६ जन शिबुचो को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



यूराशिया रेयूकाई समाज में योगदान करने वाली संस्था है, समाज में योगदान करने वाले व्यक्तियों का निर्माण करते जाना पड़ेगा, कृतज्ञता को आधार बनाकर अभ्यास करने का मौका प्राप्त करना है, सदस्य की कृपा से शिबुचो का अस्तित्व है - इस मार्गनिर्देशन से नए मान्यता-पत्र ग्रहण करने का मौका प्राप्त किए एवं प्रमाणित किए शिबुचो और उपस्थित शिबुचोगण की अपने सदस्यों के प्रति जिम्मेवारी महसूस करने का मौका यूराशिया रेयकाई संस्थापक अध्यक्ष जी के मार्गनिर्देशन से प्राप्त हुआ। साथ ही मुमा हिरोको मासुनागा जी ने ६० बार रक्तदान करने वाले शिबुचो श्री धर्मभक्त प्रधान, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, साफ-सफाई संबंधी जनचेतना कार्यक्रम व्यापक रूप में करने वाले शिबुचो श्री नरेश कुमार मल्ल को प्रशंसा-पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही समारोह में मिलियन गीत का भी यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष दंपती जी द्वारा विमोचन संपन्न हुआ।



माननीय न्यायाधीश श्री नर बहादुर शाही का अभिनंदन करते हुए।

उक्त समारोह में ३६ लोगों ने रक्तदान, ५४ लोगों ने किडनी दान तथा ३२ लोगों ने नेत्रदान करने का मौका प्राप्त किया।



सहभागीगण

## यूराशिया रेयूकाई विकास केन्द्र का उद्घाटन

यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष जी द्वारा २२ जून २०१३ के दिन धोबीधारा स्थित यूराशिया रेयूकाई विकास केन्द्र का उद्घाटन संपन्न किया गया।



यूराशिया रेयूकाई विकास केन्द्र का उद्घाटन

देश का पुनर्निर्माण, यूराशिया महाद्वीप एवम् विश्व की अनादिकाल तक की शांति व मानव प्राणी में सुख का कार्यान्वयन करने तथा क्रियाकलापों का प्रवाह करने के लिए यह यूराशिया रेयूकाई विकास केन्द्र है। देश के प्रति भावना, देश के प्रति चिन्ता करने वालों तथा देश के लिए अपील का कार्यान्वयन करने वाले व्यक्तियों का समूह यह विकास केन्द्र है। यूराशिया रेयूकाई विकास केन्द्र में स्वयं सहभागी होकर सहयोग न कर स्वयं द्वारा करना है, यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष जी द्वारा ऐसा मार्गनिर्देशन ग्रहण करने का मौका प्राप्त हुआ।

"चलें मिलियन तुरंत कार्यान्वयन"

## यूराशिया रेयूकाई १८वीं शाखा की मिहाता का जन्म



*मिहाता ग्रहण करते*

यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष जी के कर-कमलों द्वारा ६ जून २०१३ के दिन दार्जिलिंग स्थित गोर्खा रंगमंच भवन में यूराशिया रेयूकाई १८वीं शाखा की मिहाता श्री लवांग तामांग जी को हस्तांतरित किया गया।

आंखों से दिखाई पड़ने और नहीं दिखाई पड़ने वाले संसार को खुशी और संतुष्टि देने वाले १८वें अध्याय की जिम्मेवारी-कर्तव्य है, इसके लिए बैठने से नहीं होगा, स्वयं बुस्सोगोनेन् के अग्रसर होकर महान् शिक्षा को कार्यान्वयन करने का मौका प्राप्त करना है, आत्मा के अस्तित्व को आज से ही परिवर्तन कर भारत देश एवं यूराशिया महाद्वीप को बचाने का मौका प्राप्त करना है, भगवान बुद्ध की वास्तविक शिक्षा को कुबो जी ने खोजकर रेयूकाई शिक्षा का प्रतिपादन किया, मिहाता ही शाक्यमुनि बुद्ध का स्वरूप है, ऐसा कहकर प्रतिपादित किया-यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष जी ने समारोह में ऐसा ही गहन मार्गनिर्देशन प्रदान किया। उक्त अवसर पर श्रीमती हिरोको मासुनागा जी, संपूर्ण मिहाता जिम्मेवार शिबुचोगण सहित कुल ११३३ लोगों की उपस्थिति थी।



*प्रमाण-पत्र ग्रहण करते*

## विश्व पर्यावरण दिवस संपन्न



यूराशिया रेयूकाई द्वारा विश्व पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण एवं डस्टबिन वितरण कार्यक्रम ५ जून २०१३ के दिन सिलीगुड़ी (भारत) में संपन्न करने का मौका प्राप्त हुआ।

## रक्तदान संपन्न





यूराशिया रेयूकाई के आह्वान पर संपूर्ण मिहाता शाखा एवं संस्कृति केन्द्रों में जून २०१३ महीने में रक्तदान कार्यक्रम संपन्न करने का मौका प्राप्त हुआ।

## महिला दक्षता विकास कार्यक्रम



*महिला लीडर्स दक्षतामूलक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए*

यूराशिया रेयूकाई काठमांडू संस्कृति केन्द्र, सानेपा, ललितपुर में हमारी मुमा श्रीमती हिरोको मासुनागा जी द्वारा ३७ जन महिला लीडर्स को विभिन्न रोजगारमूलक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## संस्कृति केन्द्र के संयोजकों की बैठक

यूराशिया रेयूकाई नेपाल एवं भारत के संस्कृति केन्द्र के संयोजकों को ५ जून २०१३ के दिन यूराशिया रेयूकाई, नेपाल कार्यालय, सानेपा, ललितपुर में यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष दंपती जी की उपस्थिति में बैठक संपन्न करने का मौका प्राप्त हुआ। उक्त बैठक में कुल २५ जनों की उपस्थिति थी।



*भारत के संस्कृति केन्द्रों के संयोजकगण*



*नेपाल के संस्कृति केन्द्र के संयोजकगण*

## यूराशिया रेयूकाई मिहाता ग्रहण 10वां वार्षिकोत्सव स्मरणीय भव्य मिलन समारोह की कुछ झलकियां



*यूराशिया रेयूकाई संबन्धी विस्तृत जानकारी के लिए:*
**www.eurasiareiyukai.com**

*"Walk Million" Immediate Implementation*